न्यूज चुस्की
खबरें चुस्की के साथ...

लखनऊ की स्निग्धा मालवीय ने केआईआईटी नन्ही परी का जीता खिताब

News Desk उत्तर प्रदेश , मनोरंजन , राज्य , लखनऊ

जनवरी 3, 2024 | 0 Comments

लखनऊ: लखनऊ के गोमतीनगर विराम खंड-5 में एक भव्य स्वागत समारोह रवि अग्रवाल अपने परिवार और मालवीय परिवार के साथ स्निग्धा मालवीय के लखनऊ वापस आने पर किया। इस कार्यक्रम में, बड़ी संख्या में दोस्तों और करीबी सहयोगियों ने भाग लिया, जिससे यह नये वर्ष पर एक उत्सव का माहौल बन गया और एक भव्य जुलूस के रूप में गुजरा। इसका उद्देश्य न केवल लोगो को जागरूक करना था, बल्कि विजेता स्निग्धा मालवीय को आशीर्वाद और प्रोत्साहन देना भी था। इसमें विराम खंड-5 जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, यूपी राज्य परिवहन निगम के पूर्व महाप्रबंधक आरपी सिंह और एकेटीयू, लखनऊ के वित्तीय अधिकारी एसके गुप्ता सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

विराम खंड-5 के निवासियों और कई अन्य जिलों के लोगों की भागीदारी से जश्न के माहौल को और भी बेहतर बना दिया। बता दें कि लखनऊ की स्निग्धा मालवीय ने 20 दिसंबर, 2023 को उड़ीसा में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक शानदार शो के दौरान केआईआईटी नन्हीं परी लिटिल मिस इंडिया 2023 का खिताब जीता है।

कार्यक्रम का आयोजन केआईआईटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड फैशन द्वारा किया गया था। स्निग्धा को हिंदी फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लन और दीपशिखा नागपाल की मौजूदगी में ताज पहनाया गया।

लाभ के अनुसार, प्रथम विजेता को स्वारोवस्की मुकुट और 21 लाख रुपये के पुरस्कार दिया जाता है, जिसमें 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी शामिल है। इसके अलावा, अगर वह विश्वविद्यालय में अपनी उच्च शिक्षा हासिल करना चाहती है तो उसे KIIT में 100 प्रतिशत शुल्क माफी मिलती है। इसके चुनाव के लिये 15 से 17 वर्ष के बीच के 27 प्रतिभागियों को क्षेत्रीय ऑडिशन से सेमीफाइनल के लिए उपयुक्त पाया गया था।

इसके ग्रैंड फिनाले में, ओडिशा की चिराश्री सागरिका को प्रथम रनर-अप का ताज पहनाया गया, और असम की परिणिता दास को दूसरी रनर-अप चुना गया। उन्हें 1-1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। केआईआईटी में उनकी पढ़ाई के लिए अन्य उपहारों और पर्याप्त शुल्क छूट के साथ क्रमशः 50,000 रु. अंतिम दौर में कई अन्य खिताब तय किए गए। डॉ. अच्युता सामंत, KIIT नन्ही परी के मुख्य संरक्षक और KIIT और KISS के संस्थापक; संरक्षक मलय महापात्र ने अन्य अतिथियों के साथ विजेताओं को ताज पहनाया।

---

https://newschuski.com/snigdha-malviya-of-lucknow-won-the-title-of-nanhi-pari/